# राजस्थान की कला संस्कृति
## PDF पार्ट : 2nd
## महत्वपूर्ण 150 क्वेश्चन्स

Telegram चैनल ज्वॉइन करें

Join Now

राजस्थान सामान्य ज्ञान
कला संस्कृति, भूगोल, इतिहास संपूर्ण राजस्थान जीके
सभी टॉपिक वाइज नोट्स व प्रश्नोत्तरी PDF
सभी भर्ती परीक्षाओं हेतु उपयोगी PDF
राजस्थान GK All PDF's

**221.किस देवी के मंदिर में दीपक की ज्योति से केसर टपकती है–**
(1) आई माता ✓ (2) करणी माता
(3) स्वांगिया माता (4) जीण माता

**222.किस देवी की मूर्ति के ऊपरी हिस्से पर पंचदेवों की प्रतिमाएँ उत्कीर्ण है–**
(1) शीतला माता (2) शिला देवी
(3) अम्बिका माता ✓ (4) स्वांगिया माता

**223.दधिमति माता का मंदिर कहाँ पर स्थित है–**
(1) गोठ मांगलोद ✓ (2) बिलाड़ा
(3) आणियाँ (4) खोसा

**224.'मूठ' से पीड़ित व्यक्ति के इलाज के लिए किस देवी की पूजा की जाती है–**
(1) बाणमाता (2) भंवाल माता
(3) भदाणा माता ✓ (4) शाकम्भरी माता

**225.निम्न में से निर्गुण भक्ति के संत नहीं है –**
(1) संत पीपा (2) लालदासजी
(3) मीरां बाई ✓ (4) नवलदास जी

**226.जयपुर महाराजा मानसिंह द्वारा शिलादेवी की मूर्ति को कहाँ से लाकर आमेर में स्थापित करवाया था –**
(1) गुजरात से (2) बंगाल से ✓
(3) बिहार से (4) उड़िसा से

**227.सुगनचिड़ी किस देवी का प्रतीक है।**
(1) करणी माता (2) स्वांगिया माता ✓
(3) सुगाली माता (4) ब्राहमणी माता

**228.निम्न में से कौनसा कथन करणी माता के संबंध में असंगत है–**
(1) करणी माता के बचपन का नाम रिद्धि बाई था।
(2) करणी माता के मंदिर को मढ कहते हैं।
(3) इनके आशीर्वाद से बीकानेर दुर्ग की नींव रखी गई। ✓
(4) नेहड़ी नामक स्थान पर करणी माता सर्वप्रथम रही थी।

**229.सुगाली माता पैनोरमा का निर्माण कहां किया गया।**
(1) आउवा ✓ (2) रणकपुर
(3) सोजत (4) घाणेराव

**230.भोपा जाति की कुल देवी है।**
(1) नागणेची माता (3) वीरातरा माता ✓
(3) राणी भटियाणी (4) चामुण्डा माता

**231.संत पीपाजी का प्रमुख मंदिर कहां स्थित है ?**
(1) पुष्कर (2) समदड़ी ✓
(3) आसोतरा (4) केकड़ी

**232.जैसलमेर के नरेश 'कुलदेवी' के रूप में किस देवी की पूजा करते है।**
(1) जीणमाता (2) सकरायमाता
(3) साँचियामाता (4) स्वांगिया माता ✓

**233.तीर्थयात्रा की सफलता की कामना हेतु राजस्थान में किस लोकदेवी की पूजा की जाती हैं –**
(1) ब्राहमणी माता (2) जमुवाय माता
(3) पथवारी माता ✓ (4) इनमें से कोई नहीं

**234.बूँदी किले में रंगमहल का निर्माण किसने करवाया।**
(1) मुकुंदसिंह (2) शत्रुसाल हाड़ा ✓
(3) भावसिंह हाड़ा (4) माधोसिंह हाड़ा

**235.लालगढ़ व अनूप महलों का संबंध है –**
(1) बाड़मेर (2) बीकानेर ✓
(3) बाँसवाड़ा (4) बूंदी

**236.जयमल राठौड़ और पत्ता सिसोदिया की गजारूढ़ मूर्तियां किस दुर्ग में स्थित है –**
(1) जयगढ़ दुर्ग (2) जूनागढ़ दुर्ग ✓
(3) कुंभलगढ़ दुर्ग (4) चित्तौड़गढ़ दुर्ग

**237.सुवर्णगिरी किस किले को कहते हैं ?**
(1) जैसलमेर का किला (2) जयगढ़ का किला
(3) चितौड़गढ़ का किला (4) जालौर का किला ✓

**238.राज्य का कौनसा दुर्ग 'राजस्थान का जिब्राल्टर' के नाम से विख्यात रहा है ?**
(1) चितौड़गढ़ (2) कुम्भलगढ़
(3) टाडगढ़ (4) तारागढ़ (अजमेर) ✓

**239.शक्तिशाली तोप 'गर्भगुंजन' स्थित है–**
(1) बूँदी का किला ✓ (2) जयगढ़ दुर्ग
(3) तारागढ़, अजमेर (4) शेरगढ़ दुर्ग

**240.शाहबाद दुर्ग स्थित है –**
(1) त्रिकुट पर्वत पर (2) परवन पर्वत पर
(3) मेसा पठार पर (4) भामती पहाड़ी पर ✓

**241.उत्तरी सीमा का प्रहरी किस दुर्ग को कहा जाता है –**
(1) चुरू का किला (2) मांडलगढ़ दुर्ग
(3) भटनेर का किला ✓ (4) नागौर दुर्ग

**242.राजस्थान में चितौड़गढ़ के बाद दूसरा सबसे बड़ा लिविंग फोर्ट हैं–**
(1) रणथम्भौर (2) मेहरानगढ़
(3) जूनागढ़ (4) जैसलमेर दुर्ग ✓

**243.सुपारी महल व जौराभौरां स्थित है–**
(1) चितौड़ दुर्ग (2) कुम्भलगढ़ दुर्ग
(3) अचलगढ़ (4) रणथम्भौर ✓

**244.अलाउद्दीन खिलजी ने निम्न में से किस दुर्ग पर आक्रमण नहीं किया था –**

(1) चित्तौड़गढ़ दुर्ग (2) रणथम्भौर दुर्ग
(3) कुम्भलगढ़ दुर्ग ✓ (4) जालौर दुर्ग

**245.वीर अमरसिंह राठौड़ की शौर्य गाथाएँ किस किले से संबंधित हैं-**

(1) बीकानेर का किला (2) नागौर का किला ✓
(3) कुचामन का किला (4) माधोराजपुरा का किला

**246.भरतपुर के लौहागढ़ दुर्ग का निर्माण करवाया –**

(1) राजा सूरजमल ने ✓ (2) राजा बदनसिंह ने
(3) राजा अभयसिंह ने (4) राजा माधोसिंह ने

**247.कौनसा युग्म सही सुमेलित नहीं है-**

(1) चित्तौड़ दुर्ग – चित्रांगद मौर्य
(2) नागौर दुर्ग – कैवास
(3) लोहागढ़ दुर्ग – नरेश भूपत ✓
(4) गढ़बीठली – अजयपाल

**248.एशिया की सबसे बड़ी मानी जाने वाली जयबाण तोप किस दुर्ग में है-**

(1) मैग्जीन दुर्ग (अजमेर) (2) जयगढ़ दुर्ग (जयपुर) ✓
(3) चित्तौड़गढ़ दुर्ग (चित्तौड़) (4) कुंभलगढ़ दुर्ग (राजसमंद)

**249.मेवाड़ में सर्वाधिक दुर्गो का निर्माण करवाया-**

(1) महाराणा प्रताप ने (2) महाराणा सांगा ने
(3) महाराणा कुंभा ने ✓ (4) रावल रतनसिंह ने

**250.राजस्थान के किस किले पर सबसे अधिक बार स्थानीय आक्रमण हुए-**

(1) तारागढ़(अजमेर)✓ (2) आमेर
(3) चितौड़गढ़ (4) कुंभलगढ़

**251.चितौड़गढ़ दुर्ग बना हुआ है –**

(1) गंभीरी व बेड़च नदियों के संगम स्थल के समीप अरावली पर्वतमाला पर ✓
(2) गंभीरी व खारी नदियों के संगम पर
(3) बनास व बेड़च नदियों के संगम पर
(4) गंभीरी व कोठारी नदियों के संगम पर

**252.अबुल फजल ने किस दुर्ग के संबंध में कहा था कि अन्य सब दुर्ग नंगे है जबकि यह दुर्ग बख्तर बंद हैं'-**

(1) चितौड़ दुर्ग (2) कुंभलगढ़ दुर्ग
(3) रणथम्भौर दुर्ग ✓ (4) मेहरानगढ़ दुर्ग

**253.'राजस्थान का वेलौर' भैसरोड़गढ़ दुर्ग स्थित है-**

(1) चम्बल व बामनी नदियों के संगम स्थल पर ✓
(2) काली सिंध व आहू नदी के संगम पर
(3) चम्बल व बनास के संगम पर
(4) बेड़च, बनास व मेनाल नदी के त्रिवेणी संगम पर

**254.सन् 1550 ई. का सुप्रसिद्ध अर्द्धसाका किस दुर्ग में हुआ –**

(1) चितौड़ (2) रणथम्भौर
(3) लोहागढ़ दुर्ग (4) जैसलमेर दुर्ग ✓

**255.''यह ऐसा किला है। जिसका दरवाजा कोई आक्रमणकारी नहीं खोल सका'', हसन निजामी का यह कथन राजस्थान के किस किले के बारे में है-**

(1) जैसलमेर का किला (2) जालौर का किला ✓
(3) चित्तौड़ का किला (4) तारागढ़ (बूंदी) किला

**256.जगत शिरोमणि मन्दिर,मावठा जलाशय व आराम बाग किस दुर्ग में स्थित है –**

(1) तारागढ़ दुर्ग (अजमेर) (2) अचलगढ़
(3) आमेर दुर्ग ✓ (4) सज्जनगढ़

**257.'मोरनी-मांडना' किस जनजाति से संबंधित है**

(1) भील (2) मीणा✓
(3) गरासिया (4) सहरिया

**258.'फाइरे-फाइरे' किस जनजाति का रणघोष है –**

(1) भील ✓ (2) गरासिया
(3) डामोर (4) मीणा

**259.सूची-I को सूची II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए-**

| सूची-I (राजस्थान की जनजातियाँ) | सूची-II (प्रमुख आवास क्षेत्र) |
|---|---|
| (A) सहरिया | (i) डूँगरपुर, बाँसवाड़ा |
| (B) गरासिया | (ii) उदयपुर, सिरोही |
| (C) डामोर | (iii) बाराँ, कोटा |
| (D) मीणा | (iv) जयपुर, दौसा |

कूटः-

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (3) | (iii) | (ii) | (i) | (iv)✓ |
| (4) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |

**260.राजस्थान में ''ऊंदरिया पंथ'' किनमें प्रचलित हैं-**

(1) भीलों में ✓ (2) मीणाओं में
(3) सहरिया में (4) गरासिया में

**261.भील जनजाति में 'कछावू' कौन पहनता है-**

(1) पुरूष (2) महिलाएँ ✓
(3) नवयुवक लड़का (4) बच्चे

**262.'कू' किससे संबंधित है-**

(1) गरासिया जनजाति का हथियार (2) भील जनजाति का घर ✓
(3) गरासिया जनजाति का वस्त्र (4) मीणा जनजाति का पर्व

**263.भील पुरूषों द्वारा विवाह के अवसर पर किया जाने वाला नृत्य है-**

(1) हाथीमना ✓ (2) गवरी
(3) गैर (4) चकरी

**264.'छैला बावजी मेला' का संबंध किस जनजाति से है-**

(1) कंजर (2) डामोर ✓
(3) सांसी (4) कथौड़ी

**265.भीलों द्वारा की जाने वाली झूमिंग कृषि कहलाती है-**

(1) चिमाता ✓ (2) फला
(3) खालसा (4) पाल

**266.हाकम राजा का प्याला पीकर किस जनजाति के लोग झूठ नहीं बोलते है।**

(1) कंजर ✓ (2) कथौड़ी
(3) सहरिया (4) सांसी

**267.निम्नलिखित में से कौन-सा चितौड़गढ़ दुर्ग में स्थित नहीं है-**

(1) विजय स्तंभ (2) कीर्ति स्तम्भ
(3) कुंभा महल (4) मोती महल ✓

**268.आदिवासियों के संस्कार में 'झगड़ा राशि' से क्या तात्पर्य है-**

(1) मौताना (2) युद्ध राशि
(3) वैवाहिक राशि ✓ (4) वादविवाद

**269.ट्राइबल अनुसंधान संस्थान कहां पर स्थित है-**

(1) प्रतापगढ़ (2) उदयपुर ✓
(3) बांसवाड़ा (4) जयपुर

**270.आदिवासियों के कुंभ नाम से कौनसा तीर्थस्थल प्रसिद्ध हैं ?**

(1) मातृकुण्डिया, राशमी (2) वाल्मिकी मंदिर, सीताबाड़ी
(3) कपिलधारा (4) बेणेश्वर ✓

**271.भीलों का चितेरा कहा जाता हैं –**

(1) गोवर्द्धनलाल बाबा ✓ (2) कृपालसिंह शेखावत
(3) रामगोपाल विजयवर्गीय (4) देवकीनंद शर्मा

**272.जाड़या कहते हैं-**

(1) भील पुरूषों के वस्त्र

(2) भील स्त्रियों के वस्त्र

(3) भीलों द्वारा साफे पर बांधी जाने वाली पट्टी ✓

(4) भीलों का खेल

**273.भील लोगों के बड़े गांव को कहते हैं-**

(1) पाल ✓ (2) फलां

(3) ग्राम (4) नगला

**274.निम्न में से असंगत बताइए -**

(1) अटक - भीलों के गौत्र

(2) टोटम - भीलों के कुलदेवता

(3) टापरा - भीलों के घर

(4) भराड़ी - भीलों की कुलदेवी ✓

**275.''सूर्य के साथ मोर'' का चित्रण किस शैली में दृश्यात्मक है-**

(1) अलवर शैली (2) जयपुर शैली

(3) बूंदी शैली ✓ (4) इनमें से कोई नहीं

**276.बणी-ठणी चित्रकला का संबंध है।**

(1) जोधपुर (2) देवगढ़

(3) किशनगढ़ ✓ (4) बीकानेर

**277.पशु पक्षियों के सर्वाधिक चित्र किस शैली की विशेषता है।**

(1) आमेर शैली (2) जोधपुर शैली

(3) किशनगढ़ शैली (4) बूँदी शैली ✓

**278.राजस्थान में मिलें सर्वाधिक प्राचीन चित्रित ग्रंथ कहां सुरक्षित है ?**

(1) जैसलमेर ✓ (2) उदयपुर

(3) जोधपुर (4) किशनगढ़

**279.अलीरजा, रूकनुद्दीन, मुन्नालाल व मुकुंद चित्रकार किस चित्रकला शैली से संबंधित थे।**

(1) जयपुर शैली (2) जोधपुर शैली

(3) बीकानेर शैली ✓ (4) नाथद्वारा

**280.''तस्वीरां रो कारखानो'' विद्यालय किसने स्थापित किया -**

(1) महाराणा जगतसिंह प्रथम (उदयपुर) ✓

(2) महाराजा मानसिंह (जोधपुर)

(3) राव कल्याणमल (बीकानेर)

(4) राव मालदेव (जोधपुर)

**281.असंगत मेल है।**

| चित्रकार | | शैली |
|---|---|---|
| (1) साहबद्दीन | - | मेवाड़ शैली |
| (2) नारायणदास | - | नाथद्वारा शैली ✓ |
| (3) मूलचंद | - | अलवर शैली |
| (4) साहिबराम | - | जयपुर शैली |

**282.श्रीलाल जोशी को किस कला हेतु पद्मश्री पुरस्कार दिया गया ?**

(1) स्वांग (2) उस्ता कला

(3) फड़ वाचन ✓ (4) टेराकोटा

**283.प्रसिद्ध कला पारखी एरिक डिक्सन द्वारा किस चित्र को 'भारतीय कला इतिहास की मोनालिसा' कहा है -**

(1) बणी-ठणी ✓ (2) रागमाला

(3) सुपासनह चरियम (4) पिछवाइयाँ

**284.नाथा, छज्जू और सेफू चित्रकला की किस शैली में सम्बन्धित चित्रकार हैं -**

(1) अलवर शैली (2) जोधपुर शैली ✓

(3) मेवाड़ शैली (4) जयपुर शैली

**285.राजपूत चित्रकला की किस शैली से निहालचन्द संबंधित था -**

(1) किशनगढ़ ✓ (2) हाड़ौती

(3) ढूँढाड़ (4) मारवाड़

**286.विश्व का प्राचीनतम शैलचित्र कहां से मिला है-**

(1) केशोरायपाटन (2) गरदड़ा ✓

(3) लाखेरी (4) दुगारी

**287.आदिवासी भीलों द्वारा लड़की के विवाह पर घर की दीवार पर बनाया जाने वाला लोकदेवी का चित्र क्या कहलाता है-**

(1) भराडी ✓ (2) सेवाडी

(3) फल्ला (4) मीरान

**288.बूंदी के गढ़ पैलेस में चित्रशाला का निर्माण किसने करवाया-**

(1) राव सुर्जन (2) राव अनिरूद्धसिंह

(3) महाराव बुधसिंह (4) महाराव उम्मेदसिंह ✓

**289.'दुगारी चित्रशैली' का सम्बन्ध है-**

(1) बीकानेर (2) नाथद्वारा

(3) जोधपुर (4) बूंदी ✓

**290.मारवाड़ शैली में निर्मित 'रागमाला चित्रावली' 1623 ई. में चित्रांकन किसने किया-**

(1) पुण्डरीक (2) मीर बक्श

(3) वीर जी ✓ (4) साहिब राम

**291.श्रावकप्रतिक्रमणसूत्रचूर्णि व सुपार्श्वनाथचरित्रम् चित्र किस शैली से संबंधित हैं ?**

(1) मारवाड़ (2) मेवाड़ ✓

(3) ढूंढाड़ (4) हाड़ौती

**292.कांच पर सोने का सूक्ष्म चित्रांकन कहलाता हैं ?**

(1) थेवा कला ✓ (2) दाबू प्रिंट

(3) कोफ्तगिरी (4) पेचवर्क

**293.राजपुत पेंटिग्स पुस्तक के लेखक कौन है।**

(1) आनंद कुमार स्वामी ✓ (2) कर्नल टॉड

(3) एल. पी. तेसीतौरी (4) कर्नल टॉड

**294.छोटा कद, गठीला शरीर, लम्बी नाक, बड़ी आँखे, लम्बी व रौबदार मूँछे, कपोल तक जुल्फें, सिर पर पगड़ी पुरूष आकृति में उक्त विशेषता किस चित्रशैली की है-**

(1) मारवाड़ चित्रशैली (2) अलवर चित्रशैली

(3) किशनगढ़ चित्रशैली (4) मेवाड़ चित्रशैली ✓

**295.किस राजपूत चित्रकला शैली में नारियो अथवा रानियों को शिकार करते चित्रित किया गया है-**

(1) जयपुर शैली (2) उदयपुर शैली

(3) कोटा शैली ✓ (4) बीकानेर शैली

**296.निम्न में से असंगत बताइए -**

(1) मारवाड़ चित्र शैली - पीला रंग

(2) किशनगढ़ चित्र शैली - सफेद-गुलाबी रंग

(3) बीकानेर चित्र शैली - हरा रंग ✓

(4) जयपुर चित्र शैली - हरा-लाल रंग

**297.आदमकद व बड़े-बड़े पोट्रेट व भित्ति चित्रण किस चित्र शैली की विशेष देन हैं -**

(1) जयपुर चित्रकला शैली ✓ (2) कोटा चित्रकला शैली

(3) किशनगढ़ चित्रकला शैली (4) बीकानेर चित्रकला शैली

**298.ख्याल लोक नाट्य के संबंध में असंगत है।**

(1) भाग लेने वाले कलाकार खिलाड़ी कहलाते है।

(2) दल का मुखिया उस्ताद कहलाता है।

(3) ख्याल प्रतियोगिता दंगल कहलाती है।

(4) कुचामनी ख्याल के प्रर्वतक नानूराम थे। ✓

**299.गोमा-मीणा, कालूकीर, कान-गूजरी, मियामेड़ व नाहर आदि-**

(1) छोटी लघु नाटिकाएं है, जिनका मंचन गवरी उत्सव में किया जाता है। ✓

(2) सब गवरी उत्सव के पात्र है जो नृत्य करने में निपुण है।

(3) गवरी उत्सव के सभी पात्र है जो पुरूषों का अभिनय करते है।

(4) गवरी नाट्य के प्रमुख वाद्ययंत्र है।

**300.भवानीनाट्यशाला कहां स्थित है ?**
(1) झालावाड़ ✓ (2) जयपुर
(3) जोधपुर (4) उदयपुर

**301.संत पीर शाहअली और तुकनगीर ने 400 साल पहले मेवाड़ में किस ख्याल की रचना की-**
(1) ख्याल भारमली (2) चांद नीलगिरि
(3) तुर्रा कलंगी ख्याल ✓ (4) मीरा मंगल

**302.संत लालदास ने दीक्षा ली-**
(1) मुनि शुकदेव (2) संत गद्दन चिश्ती ✓
(3) कृपाराम (4) गोरखनाथ

**303.निम्न में से कौनसा कथन असंगतपूर्ण है-**
(1) चरणदास जी - ब्रह्मज्ञान सागर
(2) संत रामचरण जी - अर्णभवाणी
(3) हरिरामदास जी - निसानी
(4) संत हरिदास जी - ब्रह्मचरित्र ✓

**304.''गूदड़ सम्प्रदाय'' के प्रवर्तक कौन थे-**
(1) संत नवलदास जी (2) संत राजा राम
(3) लाल गिरी (4) संतदास जी ✓

**305.सुमेलित कीजिए-**

| संत | माता-पिता |
|---|---|
| **(1) जांभोजी** | **(A) हंसा देवी - ठाकुर लोहट** |
| **(2) दरियावजी** | **(B) गीगण - मानजी धुनिया** |
| **(3) चरणदासजी** | **(C) कुंजो देवी - मुरलीधर** |
| **(4) संत पीपा** | **(D) लक्ष्मीवती - कड़ावा राव** |

| | (अ) | (ब) | (स) | (द) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | A | B | C | D ✓ |
| (2) | D | C | B | A |
| (3) | B | A | D | C |
| (4) | C | B | A | D |

**306.सूफी संत ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती किसके शासन काल में राजस्थान आये थे-**
(1) पृथ्वीराज चौहान ✓ (2) राणा कुम्भा
(3) राणा सांगा (4) महाराणा प्रताप

**307.दादू सम्प्रदाय की मुख्य पीठ कहाँ पर स्थित है-**
(1) नारायणा ✓ (2) नीम का थाना
(3) शाहपुरा (4) धोलीदूब

**308.'अलवर का रसखान' किसे कहा जाता है ?**
(1) अलीबक्श ✓ (2) गद्दनचिश्ती
(3) करणदास जी (4) लालदास जी

**309.राजस्थान का वल्लभ सम्प्रदाय का प्रमुख धार्मिक स्थल है-**
(1) उदयपुर (2) नाथद्वारा ✓
(3) राजसमंद (4) बीकानेर

**310.रामस्नेही सम्प्रदाय की रैण शाखा के प्रवर्तक कौन थे-**
(1) संत रामदास जी (2) संत जैमलदास जी
(3) संत रामचरण जी (4) संत दरियाव जी ✓

**311.निम्न में से कौनसा सम्प्रदाय ''हंस सम्प्रदाय'' के नाम से भी जाना जाता है-**
(1) रामानन्दी सम्प्रदाय (2) निम्बार्क सम्प्रदाय ✓
(3) गौड़ीय सम्प्रदाय (4) शाक्त सम्प्रदाय

**312.रामस्नेही सम्प्रदाय के प्रवर्तक कौन है-**
(1) रामनाथजी (2) रामकरणजी
(3) रामचरणजी ✓ (4) रामशरणजी

**313.परनामी सम्प्रदाय के प्रवर्तक कौन है-**
(1) प्राणनाथजी ✓ (2) रामदास
(3) हरिदास (4) श्यामदास

**314.निम्न में से किस संत ने नादिरशाह के आक्रमण की भविष्यवाणी की थी-**
(1) चरणदास जी ✓ (2) रामदास जी
(3) दरियाव जी (4) रामचरण जी

**315.''वेदान्त परिजात भाष्य'' की रचना किसने की-**
(1) रामानुजाचार्य (2) रामानन्दजी
(3) अग्रदासजी (4) आचार्य निंबार्क ✓

**316.''अष्टछाप कवि मंडली'' का संगठन किसने किया-**
(1) विट्ठलनाथ जी ✓ (2) वल्लाभाचार्य
(3) दामोदरदास (4) गोविन्द जी

**317.'सिंभूदड़ा' ग्रंथ के रचियता कौन है-**
(1) विट्ठलनाथ जी (2) अग्रदास जी
(3) जसनाथ जी ✓ (4) रामदास जी

**318.वह संत जिसने 'राम' में 'रा' को 'राम' का व 'म' को मुहम्मद का प्रतीक बताया है-**
(1) दरियावजी ✓ (2) रामदास
(3) रामानन्द (4) कबीर

**319.किस सम्प्रदाय के मंदिरों में दिन में सात बार पूजा होती है और मंत्र है ''श्री कृष्णं शरणं गमः''-**
(1) वल्लभ सम्प्रदाय ✓ (2) वैष्णव सम्प्रदाय
(3) श्रीनाथ सम्प्रदाय (4) मथुराधीश सम्प्रदाय

**320.पाशुपत सम्प्रदाय के प्रवर्तक कौन है-**
(1) मत्स्येन्द्रनाथ (2) गोपीनाथ
(3) लकुलीश ✓ (4) भर्तहरि

**321.सलेमाबाद में निम्बार्क सम्प्रदाय की प्रधान पीठ के संस्थापक थे-**
(1) परशुराम ✓ (2) हरिदास
(3) हरिरामदास (4) सच्चिदानंद

**322.जीवन भर दूल्हे के वेश में रहते हुए दादू के उपदेशों का बखान करने वाले संत थे।**
(1) जैमलदास (2) रज्जब ✓
(3) धन्नाजी (4) सुंदरदास

**323.भक्ति आंदोलन का ''आदि पुरूष'' किसे कहा जाता है-**
(1) शंकराचार्य (2) रामानन्द ✓
(3) चैतन्य महाप्रभु (4) रामानुज

**324.किशनगढ़ के शासक सावंत सिंह किस सम्प्रदाय से संबंधित थे-**
(1) शैव सम्प्रदाय (2) वल्लभ सम्प्रदाय ✓
(3) गौड़ीय सम्प्रदाय (4) निम्बार्क सम्प्रदाय

**325.लसाड़िया नामक नया पंथ किसने चलाया था**
(1) दादू (2) रज्जब
(3) गुरू गोविन्द गिरी ✓ (4) मावजी

**326.महिला चित्रकार कमला व इलायची किस चित्रशैली से संबंधित है ?**
(1) नाथद्वारा शैली ✓ (2) किशनगढ़ शैली
(3) देवगढ़ शैली (4) अलवर शैली

**327.'सन्यासियों के सुल्तान' के उपनाम से किसे जाना जाता है।**
(1) ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती (2) हमीद-उद्-दीन नागौरी ✓
(3) पीर हाजी निजामुद्दीन (4) गुल्हाम खाँ

**328.राजस्थान के वे सन्त कौन हैं जो राजस्थान छोड़कर बनारस गए और रामानंद के शिष्य बन गए।**
(1) रैदास (2) जांभोजी
(3) दादू दयाल (4) धन्ना ✓

**329.जैन श्वेताम्बर के ''तेरापंथ सम्प्रदाय'' की स्थापना किसने की-**
(1) आचार्य तुलसी (2) आचार्य भिक्षु स्वामी ✓
(3) आचार्य महत्तमदास (4) आचार्य ऋषभदेव

**330.गोगामेड़ी में प्रतिवर्ष गोगाजी का मेला कब भरता है-**
(1) भाद्रपद कृष्ण नवमी ✓ (2) भाद्रपद शुक्ल नवमी
(3) भाद्रपद शुक्ला द्वितीय (4) भाद्रपद कृष्णा द्वितीया

**331.परबतसर में तेजाजी का मेला कब भरता है-**

(1) भाद्रपद कृष्णा नवमी (2) भाद्रपद शुक्ला दशमी✓
(3) भाद्रपद शुक्ला नवमी (4) भाद्रपद पूर्णिमा

**332.बाबा झूंझार जी का मेला कब भरता है-**

(1) रामनवमी✓ (2) कृष्ण जन्माष्टमी
(3) चैत्र अमावस्या (4) माघ पूर्णिमा

**333.राजस्थान में साम्प्रदायिक सद्भाव का सबसे बड़ा मेला कौनसा है-**

(1) गोगाजी का मेला (2) तेजाजी का मेला
(3) पाबूजी का मेला (4) बाबा रामदेवजी का मेला✓

**334.असंगत कथन को चुनिए -**

| पशु मेला | - आयोजन तिथि |
|---|---|
| (1) बलदेव पशु मेला | - चैत्र व वैशाख माह |
| (2) गोमतीसागर पशु मेला | - वैशाख पूर्णिमा |
| (3) चन्द्रभागा पशु मेला | - ज्येष्ठ पूर्णिमा✓ |
| (4) मल्लीनाथ पशु मेला | - चैत्र माह में |

**335.बाबू महाराज व बारह भाईयों का मेला किस जिले में भरता है।**

(1) करौली (2) बारां
(3) धौलपुर✓ (4) दौसा

**336.मेवाड़ का हरिद्वार किसे कहा जाता है-**

(1) मातृकुण्डिया राश्मी (चित्तौड़गढ़)✓
(2) मीरां मंदिर
(3) कुंभ श्याम मंदिर
(4) समद्धिश्वेर मंदिर

**337.क्रिसमस डे कब मनाया जाता है ?**

(1) 25 अप्रैल (2) 25 सितम्बर
(3) 23 दिसम्बर (4) 25 दिसम्बर✓

**338.चन्द्रभागा मेला किस जिले में भरता है-**

(1) झालावाड़✓ (2) बाँसवाड़ा
(3) जैसलमेर (4) डूँगरपुर

**339.'अशोकाष्टमी' का त्यौहार मनाया जाता है -**

(1) आषाढ़ शुक्ला अष्टमी (2) वैशाख शुक्ला अष्टमी
(3) ज्येष्ठ शुक्ला अष्टमी (4) चैत्र शुक्ला अष्टमी✓

**340.असंगत बताइये-**

| त्योहार | तिथि |
|---|---|
| (1) ऋषभ जयन्ती | - चैत्र कृष्ण नवमी |
| (2) महावीर जयन्ती | - चैत्र शुक्ला त्रयोदशी |
| (3) चेटीचण्ड जयन्ती | - चैत्र माह |
| (4) गुरू गोविन्द सिंह जयन्ती | - पौष कृष्ण सप्तमी✓ |

**341.निम्नलिखित कथनों में असंगत कथन को चुनें-**

(1) रूप चतुर्दशी को नरक चतुर्दशी भी कहते है।
(2) करवा चौथ के त्यौहार को ऐवरत-जेवरत का त्यौहार कहते है।
(3) अश्विन पूर्णिमा को जागरी पूर्णिमा या रास पूर्णिमा कहते हैं।
(4) आषाढ़ शुक्ला द्वितीया को भैया दूज मनाई जाती है।✓

**342.असंगत बताइये- ( मुस्लिम त्यौहार )**

(1) हिजरी सन् का पहला माह मोहर्रम है इसे 'अल्लाह का महीना' कहा जाता है।
(2) बारावफात - रब्बी उल - अव्वल माह की 12वीं तारीख
(3) इदुलजुहा को बकरा ईद के नाम से जाना जाता है यह कुर्बानी का त्यौहार है।
(4) मुस्लिम त्यौहार का गुड फ्राइडे सबसे लोकप्रिय त्यौहार है।✓

**343.कपिल मुनि का मेला कब लगता है-**

(1) कार्तिक अमावस्या (2) कार्तिक पूर्णिमा✓
(3) भाद्रपद शुक्ला सप्तमी (4) श्रावण पूर्णिमा

**344.जलझूलनी एकादशी त्यौहार राजस्थान में कब मनाया जाता है-**

(1) आश्विन शुक्ल एकादशी (2) कार्तिक शुक्ल एकादशी
(3) भाद्रपद शुक्ल एकादशी✓ (4) श्रावण शुक्ल एकादशी

**345.सातूड़ी तीज का त्यौहार मनाया जाता हैं-**

(1) भाद्रपद की शुक्ला तृतीया को (2) भाद्रपद कृष्ण तृतीया को✓
(3) चैत्र कृष्ण अष्टमी को (4) कार्तिक कृष्ण तृतीया को

**346.मांगलियावास अजमेर में कल्पवृक्ष मेला आयोजित किया जाता है-**

(1) कार्तिक शुक्ला एकादशी
(2) श्रावण मास की हरियाली अमावस्या✓
(3) श्रावण पूर्णिमां
(4) कार्तिक पूर्णिमां

**347.मुसलमानों के किस त्यौहार के दिन ताजिए निकाले जाते हैं ?**

(1) इदुलजुहा (2) बारावफात
(3) शब-ए-बरात (4) मोहर्रम✓

**348.असंगत बताइये-**

| मेला | आयोजन तिथि |
|---|---|
| (1) धींगा गवर मेला | - वैशाख पूर्णिमा✓ |
| (2) नक्की झील मेला | - वैशाख पूर्णिमा |
| (3) गोमतीसागर मेला | - वैशाख पूर्णिमा |
| (4) गोतमेश्वर मेला | - वैशाख पूर्णिमा |

**349.असंगत बताइये-**

| | |
|---|---|
| (1) फूलडोल मेला | - शाहपुरा(भीलवाड़ा) |
| (2) रामरावण मेला | - मण्डोर(जोधपुर)✓ |
| (3) गरूड़ मेला | - बंशीपहाड़पुर(भरतपुर) |
| (4) लोहार्गल मेला | - लोहार्गल(झुंझुनूं) |

**350.मालपुरा तहसील में स्थित डिग्गीपुरी में कल्याणजी का मेला किस भगवान के स्वरूप में मनाया जाता है-**

(1) भगवान विष्णु✓ (2) भगवान शिव
(3) भगवान लक्ष्मण (4) भगवान इन्द्र

**351.हजरत इमाम हुसैन की कर्बला के मैदान में शहादत की याद में कौनसा त्यौहार मनाया जाता हैं -**

(1) ईद-मिला-दुल-नबी (2) ईद-उल-जुहा
(3) शब-ए-बारात (4) मोहर्रम✓

**352.किस त्योहार पर शमी वृक्ष की पूजा की जाती हैं और इस दिन लीलटांस पक्षी के दर्शन को शुभ माना जाता हैं -**

(1) दशहरा✓ (2) शरद पूर्णिमा
(3) धन तेरस (4) रूप चतुर्दशी

**353.किस दिन मौन व्रत किया जाता है-**

(1) माघ अमावस्या✓ (2) भाद्रपद अमावस्या
(3) फल्गुन अमावस्या (4) आश्विन अमावस्या

**354.बसंत पंचमी का त्यौहार कब मनाया जाता है-**

(1) माघ कृष्ण 5 (2) माघ शुक्ल 5✓
(3) पौष कृष्ण 5 (4) पौष शुक्ल 5

**355.थदड़ी या बड़ी सातम का पर्व किस समुदाय के लोग मनाते है-**

(1) सिक्ख (2) जैन
(3) सिंधी✓ (4) बौद्ध

**356.किस नगर का ''बादशाह का मेला'' प्रसिद्ध हैं-**

(1) मकराना (2) ब्यावर✓
(3) उदयपुर (4) सांगोद

**357.राजस्थान में कन्याओं द्वारा सांझी त्यौहार कब मनाया जाता है-**

(1) वैशाख माह में (2) श्राद्ध पक्ष में✓
(3) नवरात्रों में (4) गणगौर के अवसर पर

**358.निम्न में से कौनसा युग्म असंगत है-**

| | |
|---|---|
| (1) खलकानी माता का मेला | - जयपुर |
| (2) शीतला माता का मेला | - जयपुर |
| (3) बाण गंगा का मेला | - धौलपुर✓ |
| (4) गौतमेश्वर मेला | - चित्तौड़गढ़ |

**359.गैटोर की छतरियों में किस राजा की छतरी वहाँ पर विद्यमान नहीं है-**
(1) ईश्वरीसिंह✓ (2) रामसिंह प्रथम
(3) रामसिंह द्वितीय (4) माधोसिंह द्वितीय

**360.देव बाबा का मंदिर कहाँ पर स्थित है-**
(1) नगला जहाज (भरतपुर)✓ (2) तिलवाड़ा (बाड़मेर)
(3) बैंगटी (फलौदी) (4) बापणी (जोधपुर)

**361.पुष्कर में स्थित वराह मंदिर का निर्माण किसने करवाया था।**
(1) अजयराज (2) विग्रहराज
(3) अर्णोराज✓ (2) पृथ्वीराज

**362.तीर्थो का भान्जा किस तीर्थ स्थल को कहा जाता है।**
(1) पुष्कर (2) मचकुण्ड✓
(3) नाकोड़ा तीर्थ (4) बेणेश्वर धाम

**363.शिल्प एवं स्थापत्य कला के लिए प्रसिद्ध अर्थूणा मंदिर का संबंध किस जिले से है।**
(1) डूंगरपुर (2) कोटा
(3) बांसवाड़ा✓ (4) अजमेर

**364.नाकोड़ा में किस तीर्थंकर की मूर्ति स्थापित है।**
(1) ऋषभदेव जी (2) पार्श्वनाथ जी✓
(3) महावीर जी (4) शांतिनाथ जी

**365.किस प्रसिद्ध मंदिर में 1444 स्तम्भ है।**
(1) देलवाड़ा मंदिर (2) रणकपुर मंदिर✓
(3) ओसिया मंदिर (4) विमलशाही मंदिर

**366.देलवाड़ा स्थित ''आदिनाथ मंदिर'' का निर्माण करवाया ?**
(1) बघेलाराजा कर्ण (2) विमलशाह✓
(3) चन्द्रगुप्त मौर्य (4) सम्प्रति

**367.चित्तौड़ दुर्ग में सतबीस देवरी मंदिर किस सम्प्रदाय से संबंधित है -**
(1) बौद्ध (2) जैन✓
(3) वैष्णव (4) शैव

**368.बावड़ियों का सिरमौर कौनसी बावड़ी कहलाती है-**
(1) रानी जी की बावड़ी✓ (2) नथमल की बावड़ी
(3) आभानेर की बावड़ी (4) रामदेवजी की बावड़ी

**369.प्रसिद्ध किराडू मंदिर किस शैली में निर्मित है -**
(1) गुर्जर प्रतिहार शैली✓ (2) भूमिज शैली
(3) गुप्तकालीन शैली (4) प्रागेतिहासिक शैली

**370.किस दुर्ग में 33 करोड़ देवी देवताओं का मंदिर स्थित है -**
(1) जूनागढ़✓ (2) लालगढ़
(3) लोहागढ़ (4) माण्डलगढ़

**371.घी वाले मंदिर के रूप में प्रसिद्ध भाण्डाशाह का मंदिर किस सम्प्रदाय से संबंधित है -**
(1) शैव (2) वैष्णव
(3) जैन✓ (4) बौद्ध

**372.असंगत बताइये - ( मंदिर - स्थान )**
(1) मत्स्येन्द्रनाथ मंदिर - अलवर✓
(2) जहाज मंदिर - मांडवला (जालौर)
(3) सप्त गौ माता मंदिर - रैवासा, सीकर
(4) वटयक्षिणी माता का मंदिर - कपासन (चित्तौड़गढ़)

**373.त्रिनेत्र गणेश का प्रसिद्ध मंदिर किस जिले में स्थित हैं -**
(1) धौलपुर (2) भरतपुर
(3) अलवर (4) सवाई माधोपुर✓

**374.सोनीजी की नसियां कहां स्थित हैं ?**
(1) कोटा (2) अजमेर✓
(3) जैसलमेर (4) जयपुर

**375.हाड़ौती का 'खजुराहो' कहा जाता है-**
(1) शिव मंदिर, बाडोली (चितौड़)
(2) जैन मंदिर, रणकपुर (पाली)
(3) शिव मंदिर भण्डदेवरा (बारां)✓
(4) शीतलेश्वर मंदिर, झालरापाटन (झालावाड़)

**376.जोधपुर में स्थित नाथ सम्प्रदाय का प्रसिद्ध मंदिर कहलाता है।**
(1) महामंदिर✓ (2) मठ
(3) गुरूद्वारा (4) दरगाह

**377.भामाशाह द्वारा सिरोही जिले में निर्मित पित्तलहर मंदिर किस जैन तीर्थंकर को समर्पित है-**
(1) आदिनाथ✓ (2) नेमीनाथ
(3) महावीर (4) इनमें से कोई नहीं

**378.सिसोदिया वंश के शासकों द्वारा निर्मित खण्डार दुर्ग किस जिले में स्थित है -**
(1) कोटा (2) जोधपुर
(3) सवाईमाधोपुर✓ (4) बूंदी

**379.प्रसिद्ध महाभारतकालीन 'कुंतेश्वर महादेव का मंदिर' किस जिले में है-**
(1) डूंगरपुर में (2) राजसमंद में✓
(3) कोटा में (4) पाली में

**380.जोगीदास की छतरी के भित्ति चित्र राजस्थान में किस स्थान के हैं-**
(1) हाड़ौती (2) जांगल प्रदेश
(3) शेखावाटी✓ (4) मारवाड़

**381.भारत का मक्का नाम से किस स्थान को जाना जाता हैं -**
(1) अजमेर✓ (2) नागौर
(3) नई दिल्ली (4) गोलकुंडा

**382.निम्न में से असंगत समूह हैं -**
(1) ऊषा मंदिर - भरतपुर
(2) मीरां मंदिर - चितौड़
(3) सालासर बालाजी - दौसा✓
(4) विभीषण मंदिर - कैथून

**383.किस लोकदेवता ने अपने बहनोई जीन्दराव खींची से देवल चारणी की गायें छुड़ाते वक्त वीर गति प्राप्त की-**
(1) गोगाजी (2) पाबूजी✓
(3) मेहाजी (4) रामदेवजी

**384.''प्लेग रक्षक'' किस देवता को कहा जाता है-**
(1) गोगाजी (2) तेजाजी
(3) पाबूजी✓ (4) मेहाजी

**385.''चाँदा-डेमा'' का सम्बन्ध किससे है-**
(1) गोगाजी (2) पाबूजी✓
(3) तेजाजी (4) हड़बूजी

**386.''पाबू प्रकाश'' के रचियता कौन है-**
(1) महेश भट्ट (2) मदन कौशलायन
(3) कान्ह व्यास (4) आशिया मोड़जी✓

**387.रामदेवजी को किसका अवतार माना जाता है-**
(1) कृष्ण✓ (2) लक्ष्मण
(3) विष्णु (4) अर्जुन

**388.पशु चिकित्सा का ज्ञान किस लोकदेवता को था-**
(1) तल्लीनाथ जी (2) वीर बिग्गाजी
(3) देव बाबा✓ (4) वीर फताजी

**389.बाँझ स्त्रियों को संतान देने में सक्षम माने जाने वाले लोकदेवता है-**
(1) भूरिया बाबा (2) इलोजी✓
(3) मेहाजी (4) केसरिया कुंवरजी

**390.किस लोकदेवता को 'जाहरपीर' कहा जाता है-**
(1) तेजाजी (2) गोगाजी✓
(3) हडबूजी (4) केसरिया जी